प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

0000

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–पिछले एक दशक में प्रगति के नेतृत्व वाले पारिस्थितिकी तंत्र ने 85 लाख करोड़ रूपये से अधिक परियोजनाओं को गति प्रदान करने में की मदद
- दुनिया भर में धूमधाम से मनाया जा रहा नववर्ष 2026–राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने दी नए साल की शुभकामनाएं
- नव वर्ष पर राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता ने की प्रदेशवासियों के सुखद व समृद्ध भविष्य की कामना
- केंद्र सरकार ने पहली फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क व पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना की जारी
- उंची चोटियों पर हल्के हिमपात से बढ़ा ठंड का प्रकोप–आज व कल भी बारिश–बर्फबारी की संभावना

पीएम प्रगति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आधारित बहुआयामी मंच–प्रगति की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला सहित विभिन्न क्षेत्रों की पांच महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं की समीक्षा की। ये परियोजनाएं पांच राज्यों से जुडीं हैं और इनकी कुल लागत 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में, प्रगति के नेतृत्व वाले पारिस्थितिकी तंत्र ने 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति प्रदान करने में मदद की है। उन्होंने राज्यों को मुख्य सचिव स्तर पर विशेष रूप से सामाजिक क्षेत्र के लिए प्रगति जैसी व्यवस्थाओं को संस्थागत रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित में काफी समय से लंबित परियोजनाओं को पूरा किया गया है। पीएम श्री योजना की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पीएम श्री योजना को समग्र और भविष्य के लिए तैयार स्कूली शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय मानक बनना च ाहिए।

## नया साल

दुनिया भर में नववर्ष 2026 धूमधाम से मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नव वर्ष के अवसर पर देश और विदेश के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि नव वर्ष नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है और यह आत्मचिंतन तथा नए संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रपति ने सभी से राष्ट्र के विकास, सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 2026 सभी के लिए शांति, सुख और समृद्धि लेकर आएगा और एक मजबूत व समृद्ध भारत के निर्माण के लिए नई ऊर्जा का संचार करेगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नववर्ष के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि यह वर्ष सभी के लिए अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए तथा सभी के प्रयासों में सफलता और पूर्णता प्राप्तं हो।

## नव वर्ष बधाई

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि नव वर्ष आशाओं, सकारात्मक सोच और एक मजबूत स्वस्थ सहित समावेशी निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लेने का समय है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि नए वर्ष में प्रदेश आत्मनिर्भर बने और यहां की सभ्यता और संस्कृति कायम रहे, साथ ही प्रदेश नशामुक्त हो, यहीं प्रदेश सरकार का संकल्प है।

पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि नया साल सभी के जीवन में सुख शांति व समृद्धि लेकर आएगा।

## नव वर्ष स्वागत

इस बीच, बीती रात प्रदेश भर के विभिन्न स्थानों सहित पर्यटक स्थलों में सैलानियों व स्थानीय लोगों ने नव वर्ष 2026 का नाच गाकर व आतिशबाजी के जरिए स्वागत किया। राजधानी शिमला में बड़ी संख्या में पहुंचे सैलानियों सहित अन्य लोगों में नव वर्ष के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। विस्तृत ब्यौरा हमारे शिमला संवाददाता से

*राजधानी शिमला में नए साल के जश्न को मनाने के लिए हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे। देर रात 12 बजे तक पर्यटक रिज मैदान, मॉल रोड, लक्कड़ बाजार में डीजे की धुनों में नाचते गाते नए साल का स्वागत करते दिखे।इस दौरान शहर में कानून और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए गए थे जगह जगह पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। हालांकि इस दौरान पर्यटकों को बर्फबारी की भी आस थी जो नए साल पर पूरी होने की उम्मीद है। नए साल के आगाज पर आज सुबह सुबह ही लोग मंदिरों में पूजा अर्चना करते नजर आ रहे हैं।इस दौरान सुख , शांति और समृद्धि की कामना की जा रही है।*

इधर, पर्यटन नगरी कुल्लू–मनाली में भी नव वर्ष का आगाज बड़ी धूमधाम से हुआ। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता–

*पर्यटन नगरी मनाली में नववर्ष का स्वागत नाच–गाकर किया गया स कही डीजे पर धमाल मचा तो कही कुल्लवी वाद्य यंत्रों की धुनो पर पर्यटको के कदम थिरके स नववर्ष के स्वागत के लिए मनाली माल रोड को दुल्हन की तरह सजाया गया था तथा सैलानियों के मनोरंजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा मनाली माल रोड पर डीजे की व्यवस्था की गई थी जहां भारी ठण्ड के बावजूद हज़ारो पर्यटकों डीजे की धुन पर रात भर नाचते रहे स पर्यटको के मनोरंजन व उनकी शाम को यादगार बनाने के लिये पर्यटन निगम के होटलो सहित निजी होटल वालों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये थे। इसके अलावा कुल्लू, कसोल व अन्य पर्यटक स्थलों में भी सैलानियों ने नववर्ष का स्वागत आतिशबाज़ी चला कर किया।*

इस बीच, नव वर्ष के पहले दिन आज सुबह से ही प्रदेश के विभिन्न शक्पिीठों व मंदिरों में लोग विशेष पूजा अर्चना कर देवी–देवताओं का आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं।

सरकार – तंबाकू

केंद्र सरकार ने इस वर्ष पहली फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है। तंबाकू और पान मसालों पर ये नए शुल्क वस्तु और सेवा कर –जीएसटी दर के अतिरिक्त होंगे और वर्तमान में इन पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। पहली फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और ऐसे उत्पादों पर 40 प्रतिशत तथा बीड़ी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसके अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगेगा, जबकि तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क भी लगेगा।

सफल किसान

हमीरपुर जिले में बाहल अर्जुन गांव के कृष्ण चंद ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से कृषि के अलावा बागवानी व मत्सय पालन क्षेत्र में मिसाल हासिल करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। बैल्डिंग का काम करने वाले कृष्ण चंद ने लगभग अपनी 40 कनाल भूमि में कड़ी मेहनत के जरिए फूलों की खेती व मछली पालन से खुद को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर अन्य लोगों के लिए भी रोजगार की एक मिसाल पेश की है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता–

मौसम

प्रदेश में नव वर्ष का आगाज बादलों और धूंध के साथ हुआ है। राजधानी शिमला व आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए हैं। वहीं, प्रदेश के निचले व मैदानी भागों बिलासपुर, मंडी, सुंदरनगर और बद्दी में कोहरा छाया है। हालांकि बीते कल प्रदेश के अधिक उंचाई वाले इलाकों में हल्का हिमपात भी हुआ है, जिससे तापमान में गिरावट आने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग ने आज व कल प्रदेश के उच्च पर्वतीय व मध्यवर्ती क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है—पहाड़ों पर हिमपात के साथ नए साल का आगाज, आज बारिश—बर्फबारी के आसार। पंजाब केसरी के शब्द हैं—रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा, अटल टनल में बर्फबारी, 3 दिन शीतलहर का अलर्ट। दैनिक भास्कर का शीर्षक है—लाहौल और मनाली की चोटियों पर हिमपात, आज भी चेतावनी।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है—आईजीएमसी—टांडा में 75 करोड़ से स्थापित होगी एआई स्मार्ट लैब। वहीं, आपका फैसला का कहना है—बोन मैरा ट्रांसप्लांट के लिए हर संस्थान को मिलेंगे 5 करोड़।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—पिछले एक दशक में प्रगति के नेतृत्व वाले पारिस्थितिकी तंत्र ने 85 लाख करोड़ रूपये से अधिक परियोजनाओं को गति प्रदान करने में की मदद
- दुनिया भर में धूमधाम से मनाया जा रहा नववर्ष 2026—राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने दी नए साल की शुभकामनाएं
- नव वर्ष पर राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता ने की प्रदेशवासियों के सुखद व समृद्ध भविष्य की कामना
- केंद्र सरकार ने पहली फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क व पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना की जारी
- उंची चोटियों पर हल्के हिमपात से बढ़ा ठंड का प्रकोप—आज व कल भी बारिश—बर्फबारी की संभावना